अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के सभागार में दिनाँक 30 मार्च, 2016 को कम्प्यूटर विभाग के तत्वावधान में बी.वॉक सॉफटवेयर द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता के मार्गदर्शन में इस व्याख्यान का आयोजन किया गया. व्याख्यान में प्रमुख वक्ता के रुप में वाई.एम.सी.ए. विश्वविद्यालय, फरीदाबाद की असिस्टैंट प्रोफेसर डॉ0 सोनिया बंसल थी. यह व्याख्यान "स्पेम फिलट्रिंग यूजिग फज़ी डिसिजन मेकर" के विषय पर आयोजित था. कम्प्यूटर विभाग के अध्यक्ष डॉ0 सचिन गर्ग ने सभागार में उपस्थित सभी लोगों का स्वागत किया. प्रो0 डॉ0 सोनिया बंसल ने ई–मेल में स्पेम के विभिन्न कारणों को वर्णित किया तथा स्पेम फिलट्रिग मेथडस के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला और विस्तारपूर्वक उनका महत्त्व वर्णित किया. विद्यार्थियों ने भी इस व्याख्यान को बड़े उत्साह एवं रुचि के साथ सुना. इस अवसर पर कम्प्यूटर विभाग के सभी सदस्य उपस्थित थे.